राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–02/2022

महामहिम राज्यपाल से बिहार विधान परिषद् के सभापति, विधानसभाध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, कुलपतिगण आदि ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएँ तथा उनके जन्मदिन पर बधाई दी

पटना, 01 जनवरी, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से राजभवन में बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार के उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद आदि ने राजभवन पहुँचकर उन्हें नव वर्ष–2022 की शुभकामनाएँ दी तथा जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की मंगलकामना की।

महामहिम राज्यपाल से राज्य के मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० गिरीश कुमार चौधरी, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो० के० सी० सिन्हा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति प्रो० अरूण कुमार, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के प्रतिकुलपति प्रो० जवाहर लाल, राज्यपाल सचिवालय के अधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा अन्य लोगों ने भी मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएँ तथा जन्मदिन की बधाई दी।

महामहिम राज्यपाल ने भी मुलाकात के दौरान सबको नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने मंगलकामना की है कि नव वर्ष सभी के जीवन में बेहतर स्वास्थ्य, खुशियाँ और समृद्धि लाये तथा बिहार समग्र विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे।

....